UNNAO POLICE

**प्रेस नोट - दिनांक 18.06.2025**

**थाना पुरवा**

# दो बच्चों की हत्या का आरोपी पिता गिरफ्तार

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पुरवा पुलिस द्वारा दो बच्चों की हत्या के आरोपी पिता को कब्जे से सल्फास का रैपर तथा स्लाइस मैंगो जूस 600 ML प्लास्टिक की बोतल बरामद कर गिरफ्तार किया गया।**

**संक्षिप्त विवरण-** दिनांक 16.06.2025 को थाना पुरवा क्षेत्रांतर्गत रम्माखेड़ा में रोहित गौतम पुत्र अमृतलाल नि0 रम्माखेड़ा थाना पुरवा जनपद उन्नाव के दो बच्चों के शव उसी के घर पर मिलने की सूचना पुलिस को मिली। सूचना पर थाना पुरवा पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंच कर जांच की गई तो प्रकाश में आया कि रोहित व उसकी पत्नी नेहा के मध्य आपसी विवाद था, रोहित व नेहा दोनों एक दूसरे पर बच्चों की हत्या का आरोप लगा रहे हैं। दिनांक 16.06.2025 को थाना पुरवा पर प्राप्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 219/25 धारा 3(5)/103(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। दौराने विवेचना मुकदमा उपरोक्त मे धारा 3(5) बीएनएस का लोप किया गया एवं 248 बीएनएस की वृद्धि करते हुए प्रकाश में आये अभियुक्त रोहित गौतम पुत्र अमृतलाल नि0ग्राम रम्माखेड़ा थाना पुरवा जनपद उन्नाव उम्र करीब 35 वर्ष (मृत बच्चों का पिता) को कब्जे से सल्फास का रैपर तथा स्लाइस मैंगो जूस 600 ML प्लास्टिक की बोतल बरामद कर थाना पुरवा पुलिस द्वारा आज दिनांक 18.06.2025 को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**नाम पता अभियुक्त-**

1. रोहित गौतम पुत्र अमृतलाल नि0ग्राम रम्माखेड़ा थाना पुरवा जनपद उन्नाव उम्र करीब 35 वर्ष

**बरामदगीः**

1. सल्फास का रैपर तथा स्लाइस मैंगो जूस 600 ML प्लास्टिक की बोतल

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.प्रभारी निरीक्षक पुरवा श्री अमरनाथ

2.उ0नि0 श्री सियाराम चौरसिया

3.उ0नि0 श्री रमेशचन्द्र यादव

4.कां0 रवी भारती

5.म0कां0 सपना भदौरिया

